**Bihar News : बिहार में लोगों की जान से खिलवाड़ ! नकली दवा कारोबार का पुलिस ने किया खुलासा, लाखों की दवाएं और रैपर किया बरामद**



**JAMUI :** जमुई के खैरा थाना क्षेत्र के चौहानडीह गांव में एक घर से भारी मात्रा में नकली दवाइयों की खेप मिली है। जमुई पुलिस ने यह बड़ी कारवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। जमुई सदर एसडीपीओ सतीश सुमन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि खैरा थानाध्यक्ष मिंटू सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कारवाई की गई है।

बता दें की खैरा थानाध्यक्ष को जानकारी मिली थी कि खैरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चौहानडीह गांव में एक मकान से भारी मात्रा में नकली दवाइयों की सप्लाई की जा रही है। सूचना मिलने के उपरांत खैरा थानाध्यक्ष मिंटू सिंह के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम द्वारा चिन्हित स्थल पर छापेमारी की गई। जिसके बाद वहां से भारी मात्रा में नकली दवाइयों से भरी कई कार्टन सहित सैकड़ों की संख्या में विभिन्न ब्रांड के नकली रैपर और खाली बोतले पाई गई।

Source: https://news4nation.com/bihar/jamui/police-exposed-fake-medicine-business-in-bihar-829944